1097
2/8/13
बिहार विधान मंडल पुस्तकालय
शोध/संदर्भ ग्रंथ

खण्ड : 6 संख्या : 5

# एकादश बिहार विधान-सभा वादवृत्त

(षष्ठम् सत्र)

(भाग-2 कार्यवाही प्रश्नोत्तर)

सत्यमेव जयते

शुक्रवार, दिनांक : 28 जून 1996 ई॰

**पथ का चौड़ीकरण**

**श्री गुरू सहाय महतो :** अध्यक्ष महोदय, कोडरमा जमुआ पी० डब्लू० डी० पथ में कोदम्बरी से रेमामोड़ तक सड़क के दोनों किनारे काफी गड्ढा हो जाने के कारण वाहन दुर्घटना होने की संभावना हो गयी है तथा आवगमन काफी बाधित होता है। यह पथ पटना, धनबाद एवं देवघर को जोड़ती है, जो काफी महत्वपूर्ण है। इस पथ का चौड़ीकरण का कार्य कराया जाय, इस ओर मैं सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूं ।

**विस्थापित परिवारों को पुनर्वास, पेयजल स्कूल एवं आवागमन की व्यवस्था**

**श्री नरेन्द्र नारायण यादव :** अध्यक्ष महोदय, मधेपुरा जिलान्तर्गत अंचल आलमनगर के अधीन ग्राम कपसिया में कोशी नदी से कटाव वर्ष 91 से हो रहा है। 300 से अधिक परिवार विस्थापित है। ये विस्थापित परिवार खुले आकाश के नीचे हैं। विस्थापित परिवारों के समक्ष भूखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। बरसात का समय आ गया है। अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि विस्थापित परिवारों के लिए पुनर्वास, पेयजल की सुविधा, स्कूल एवं आवागमन की सुविधा की व्यवस्था की जाय।

**श्री रवीन्द्र चरण यादव :** अध्यक्ष महोदय, सदन में राजस्व मंत्री एवं रिलीफ मंत्री भी है और संसदीय कार्य मंत्री भी हैं...

**( व्यवधान )**

**अध्यक्ष :** उन्होंने कहा दिया है। अब हम मंत्री को, संसदीय कार्यमंत्री को कहते हैं कि आप नोटिस लीजिए ।